प्रभु का जाप करले

इस झूठी दुनिया में तू सच केहने का पाप करले
काया तो नश्वर है पगले प्रभु का जाप करले
प्रभु का जाप करले

हरी का जाप किया है देवो ने वेदों ने फरमाया है
बड़े बड़े ऋषि मुनियों ने प्रभु का ही गुण गाया है
जगा तू मन में हरी ईशा गुण गान आप करले
काया तो नश्वर है पगले प्रभु का जाप करले
प्रभु का जाप करले

ऐसा कोई नही है जिस ने कभी न पाप किया हो
ऐसा कोई नही है जो अपने ही लिए जिया न हो
किसी के केहने से नही खुद पश्ताप करले
काया तो नश्वर है पगले प्रभु का जाप करले
प्रभु का जाप करले

सुख में तूने नाम लिया न आई दुःख की बारी है
अपने दता साथ छोड़ गये मनवा दुःख से भारी है
दुखियो के दुःख को अपना थोडा अभिलाप करले
काया तो नश्वर है पगले प्रभु का जाप करले
प्रभु का जाप करले

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21739/title/prabhu-ka-jaap-karle

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |